दैनिक विश्वमित्र

KOLKATA. FRIDAY. 10 SEPTEMBER 2021

आरएमएसआई ने एसडीजीएस के लिए ब्रिक्स सोल्यूशन अवार्ड जीता

कोलकाता, 9 सितम्बर (नि.प्र.)। वैश्विक भूस्थनिक प्रौद्योगिकी तथा इंजीनियरिंग सोल्यूशन प्रदाता कंपनी आरएमएसआई ने एसडीजीएस के लिए ब्रिक्स सोल्यूशन अवार्ड 2021 का महत्वपूर्ण रनरअप अवार्ड जीत लिया है। यह अवार्ड कंपनी की मालावी प्रोजेक्ट के लिए मिला। इसके लिए सात वर्गों में पांच देशों से कुल 289 आवेदन पहुंचे थे। मालावी अफ्रीका का एक छोटा देश है। जहां कि अर्थव्यवस्था कृषि पर निर्भर है। देश की एकतिहाई जीडीपी तथा लगभग 80% रोजगार कृषि क्षेत्र से ही आता है। आरएमएसआई ने एक प्रभावी तथा नवीन तकनीकी विकसित किया और मालावी के लिए आईसीटी आधारित वैल्यू चेन गवर्नेंस (आईवीसीजी) प्लेटफार्म तैयार किया। इससे छोटे किसानों के रिस्क कम किये गये और उन्हें मूल्य आधारित कृषि के लिए प्रोत्साहन मिला। इसके साथ ही उन्हें पर्याप्त परिवहन सिस्टम तथा उचित कीमत, जमीन, श्रम तथा पूंजी का उचित रिटर्न दिलाया गया। इसके द्वारा मालावी सरकार ने किसानों को कृषि निर्यात आधारित उत्पाद के लिए प्रोत्साहित किया। ऑन लाइन प्लेटफार्म जलवायु आधारित किसानों को मिला। आरएमएसआई के सीईओ तथा ज्वायंट मैनेजिंग डाइरेक्टर अनूप जिन्दल ने कहा कि हम यह प्रतिष्ठित अवार्ड चुने जाने के लिए गौरवान्वित हैं। हमारे प्लेटफार्म ने मालावी में कृषि क्षेत्र के लिए एक अनोखा सिस्टम तैयार किया है जिससे खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और बाजार विकास के साथ छोटे किसानों का जीवन स्तर सुधारने में मदद मिली है।